# बेहतर कल के लिए डिजिटल रूपांतरण

बैंकिंग डिजिटाईजेशन को अगले पायदान पर ले जाते हुए.

# DIGITAL TRANSFORMATION FOR TOMORROW

Taking banking digitisation to the next level.

सभाध्यक्षा का संबोधन 2022
CHAIRPERSON'S SPEECH 2022

nxt



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम  A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra
कार्पोरेशन Corporation

Azadi Ka Amrit Mahotsav



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** की
20वीं वार्षिक महासभा बैठक

30 जून, 2022 - मुंबई

संबोधनकर्ता: **सुश्री ए. मणिमेखलै,** एमडी एवं सीईओ,
**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**

20th Annual General Meeting of
**Union Bank of India**

June 30, 2022 – Mumbai

Address By: **Ms. A Manimekhalai,** MD & CEO,
**Union Bank of India**

*प्रिय शेयरधारको,*

» बैंक के निदेशक मंडल की ओर से, मैं आज उपस्थित सभी शेयरधारकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ।

» सबसे पहले, मैं हितधारकों के समर्थन के लिए तहे दिल से कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती हूँ और इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान बेहतर कार्यनिष्पादन हेतु अथक प्रयास करने के लिए सभी कर्मचारियों को धन्यवाद देती हूँ।

» इससे पहले कि मैं वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक के कारोबार और वित्तीय स्थिति के बारे में बताऊं, मैं समग्र परिवेश के बारे में संक्षेप में बताना चाहती हूँ।

## 1. मेक्रो अर्थव्यवस्था:

» कोविड -19 से भारतीय अर्थव्यवस्था की बहाली अपेक्षित विकास दर से बेहतर रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) के अनुमान के अनुसार, 2021-22 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.7% है। यह भारत में सुधारों की निरंतरता और कठिन समय के दौरान किए गए मजबूत और प्रभावी उपायों की ओर इशारा करता है।

» तथापि, लंबे समय तक रूस- यूक्रेन संघर्ष के कारण उत्पन्न भू-राजनैतिक तनाव के कारण वित्तीय अस्थिरता बढ़ गई है। 2021-22 के दौरान मुद्रास्फीति व्यापक और स्थायी हो गई है। विश्व भू-राजनैतिक तनावपूर्ण स्थिति के परिणामस्वरूप वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से घरेलू मुद्रास्फीति दृष्टिकोण में काफी अनिश्चितता बनी हुई है।

» वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में जारी अपने विश्व आर्थिक दृष्टिकोण (डब्ल्यूईओ) में वर्ष 2022-23 में भारत के लिए 8.2% की वृद्धि का अनुमान लगा कर इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाया।

## 2. बैंकिंग परिदृश्य:

» वर्ष 2021-22 में घरेलू बैंकिंग क्षेत्र का कार्यनिष्पादन अच्छा रहा । बैंकिंग क्षेत्र ने बेहतर टॉपलाइन वृद्धि और उच्चतर लाभ और लाभप्रदता दर्ज की है। इस क्षेत्र ने दबावग्रस्त आस्तियों के मामले में अच्छा कार्यनिष्पादन देखा है, जहां आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और पुनर्संरचित बहियां काफी हद तक नियंत्रण में रही हैं।

» 2021-22 के दौरान ऋण उठाव में सुधार हुआ है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा मंजूर गैर-खाद्य ऋण में वित्तीय वर्ष 2021 के 4.5% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022 में 9.7% की वृद्धि हुई। ऋण वृद्धि को सभी प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों ने आगे बढ़ाया।

» महामारी के समय से, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति, प्रगति का समर्थन कर रही है। तथापि, हाल ही के भू-राजनैतिक गतिविधियों और विकास तथा मुद्रास्फीति पर उसके प्रभाव को देखते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी मई और जून की नीति समीक्षा बैठकों में रेपो दर में 90 बीपीएस की वृद्धि की है, जो महामारी के बाद कम ब्याज दर परिदृश्य के विपरीत है।

## 3. भविष्योन्मुख बैंक:

» आपके बैंक ने समामेलन यात्रा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आपका बैंक, आज देश में कारोबार के मामले में 5वां सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक (पीएसबी) है।

» समामेलन के पश्चात् विभिन्न परिवर्तन पहल को कार्यान्वयित करने के लिए **समर्थ 2.0 परियोजना** का प्रारंभ किया गया है। इस परियोजना के उद्देश्य में ग्राहक अनुभव और सेवाओं में वृद्धि के साथ परिचालन और लागत क्षमता हासिल करने के लिए विभिन्न उत्पादों, प्रक्रियाओं और बैक ऑफिस का डिजिटलीकरण शामिल है। इन पहलों के माध्यम से बैंक, 'डिजिटल यूनियन बैंक' ब्रांड निर्माण करने का लक्ष्य रखता है।

## 4. आपके बैंक का कारोबार निष्पादन:

» यथा 31 मार्च, 2022 को बैंक का वैश्विक कारोबार 17,48,800 करोड़ रुपये रहा, जो 31.03.2021 के 15,77,490 करोड़ रुपये से 10.86% अधिक है।

» अग्रिमों में 9.60% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई है, जबकि जमाराशियों में 11.75% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई।

» घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में रैम अग्रिम 54.96% है, जबकि कासा अनुपात 36.33% (वर्ष-दर-वर्ष) से सुधरकर 36.54% हो गया।

*Dear Shareholders,*

- On behalf of the Board of Directors of the Bank, I extend my warm welcome to all the shareholders present today.
- At the outset, I would like to express my sincere gratitude to all the stakeholders for their support and thank all the employees for their relentless efforts in delivering a better performance during these challenging times.
- Before I share about the Bank's business and financials in the financial year 2021-22, let me begin with a brief on the macro environment.

## 1. Macro Economy:

- The India's economic recovery from Covid-19 progressed well, with better than expected growth rates. According to National Statistical Organisation (NSO) estimate, India's Gross Domestic Product (GDP) growth is estimated at 8.7% in 2021-22. It points to India's continuation of reforms as well as the strong and effective measures taken during the tough times.
- Nevertheless, the geopolitical tension arising from prolonged Russia-Ukraine conflict, has led to increased financial volatility. Inflation broadened and acquired persistence during 2021-22. The tense global geopolitical situation and the consequent elevated commodity prices impart considerable uncertainty to the domestic inflation outlook.
- Despite global headwinds, the International Monetary Fund (IMF) in its recently released World Economic Outlook (WEO) projected a growth of 8.2% for India in 2022-23, making it the fastest-growing major economy in the world.

## 2. Banking Environment:

- The domestic banking sector has seen good performance in the year 2021-22. The Banking sector has reported better topline growth and higher profits & profitability. The sector has also seen good performance in terms of stressed assets, where in, the asset quality has improved and restructured books have largely remained under control.
- Credit offtake picked up during 2021-22. Nonfood credit extended by scheduled commercial banks (SCBs) rose by 9.7% in FY22 as against a growth of 4.5% in FY21. Credit growth was driven by all the major economic sectors.
- Since the time of pandemic, the RBI's Monetary Policy Committee has been supporting growth. However, considering the recent geopolitical developments and its impact on growth and inflation, the RBI has increased the repo rate in its May and June policy review meetings by a cumulative 90 bps, marking a reversal of low interest rate scenario prevailed after the pandemic.

## 3. Future Ready Bank:

- Your bank has achieved great milestones in the amalgamation journey. Your Bank is today the 5th largest Public Sector Bank (PSB) in terms of business in the country.
- To carry out various post amalgamation transformation initiatives, Project **SAMARTH 2.0** has been undertaken. The objective of the project includes Digitization of various products, processes and back offices to achieve operational & cost efficiency along with enhanced customer experience and services. Through these initiatives, the Bank aim to create a brand of Digital Union Bank.

## 4. Your Bank's Business Performance:

- The global business of the Bank stood at ₹ 17,48,800 crore as on March 31, 2022, up by 10.86% from ₹ 15,77,490 crore as on 31.03.2021.
- The Advances have increased by 9.60% (YoY), while Deposits have increased by 11.75% (YoY).
- RAM advances as a per cent of Domestic Advances stands at 54.96%, while CASA ratio improved to 36.54% from 36.33% (YoY).

» मार्च 2022 को समाप्त तिमाही के लिए प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के तहत 40% के सांविधिक लक्ष्य के सापेक्ष आपके बैंक ने समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 43.24% हासिल किया।

## 5. लाभ और लाभप्रदता:

» आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान विकास के लिए एक स्पष्ट और दीर्घकालिक मार्ग अपनाया है, वित्तीय वर्ष 2021 में 0.27% के आरओएए के सापेक्ष, वित्तीय वर्ष 2022 में 0.47% की औसत संपत्ति प्रतिफल (आरओएए), एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जबकि इक्विटी पर प्रतिफल 10.11% रहा।

» आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 21,873 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ दर्ज किया, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 19,667 करोड़ रुपये की तुलना में 11.22% अधिक है। वित्तीय वर्ष 20-21 में 2906 करोड़ रुपये के सापेक्ष, वित्तीय वर्ष 2021-22 में बैंक का शुद्ध लाभ 80.05% की वृद्धि दर्ज करते हुए 5232 करोड़ रुपये रहा।

## 6. आस्ति गुणवत्ता:

» आपके बैंक ने 31.03.2022 को अपने सकल एनपीए अनुपात को वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 263 बीपीएस से घटाकर 11.11% और शुद्ध एनपीए अनुपात को 94 बीपीएस से घटाकर 3.68% कर अपनी संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार किया है। प्रावधान कवरेज अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 234 आधार अंकों की वृद्धि हुई है, जो 31 मार्च, 2021 को 81.27% से बढ़कर 31 मार्च, 2022 तक 83.61% हो गया है।

## 7. पूंजी पर्याप्तता:

» बेसल III मानदंडों के अनुसार पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 31.03.2022 को 11.50% की न्यूनतम नियामक आवश्यकता की तुलना में 14.52% हो गया है।

» बैंक ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के तहत 42,79,03,111 इक्विटी शेयरों के आबंटन के माध्यम से 1447.17 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाई है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बेसल III के मानदंडों के अनुपालन हेतु 5000 करोड़ रुपये के टियर I बॉन्ड और 2000 करोड़ रुपये के टियर II बॉन्ड जारी एवं आबंटित किए हैं।

## 8. उत्पादकता

» मुख्य अनुपात के संदर्भ में मापी गई उत्पादकता में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

» आपके बैंक का प्रति कर्मचारी कारोबार, वित्तीय वर्ष 2020-21 में 20.17 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 23.26 करोड़ रुपये हो गया, जबकि प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2020-21 में 3.72 लाख रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 6.96 लाख रुपये रहा। वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रति शाखा कारोबार 169.35 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 198.91 करोड़ रुपये हो गया है।

## 9. लाभांश:

» मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 1.90 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।

## 10. डिजिटल पहल:

» आपका बैंक प्रौद्योगिकी में नवीनतम नवाचारों को लागू करके अपने ग्राहकों को "डिजिटल अनुभव" प्रदान कर रहा है।

» वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, बैंक ने अगली पीढ़ी की डिजिटल उपभोक्ता वित्तीय सेवाओं को लाने के लिए डिजिटलीकरण पहल पर 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने का निर्णय लिया है।

» आपके बैंक ने हाल ही में एक फ्यूचर डिजिटल रेडी ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट 'यूनियन संभव' 'अवसर प्राप्ति की दुनिया' का अनावरण किया है।

» इन डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को सभी क्षेत्रों में बैंकिंग करने के बेहतर तरीकों अर्थात मुख्य रूप से इसे अपने आप करें (डीआईवाई) के माध्यम से सशक्त बनाना है।

» व्यापार वित्त ग्राहकों के लिए कई डिजिटल उत्पाद जैसे सभी बैंकिंग आवश्यकताओं हेतु एक नए जमाने का सुपर ऐप (यूनियन नेक्स्ट), व्हाट्सएप बैंकिंग सुविधा (यूवी कॉन), एमएसएमई क्रेडिट कार्ड एवं निर्बाध और कागज रहित बैंकिंग के लिए फ़िनास्ट्रा (FINASTRA) (ट्रेड नेक्स्ट), वसूली तथा संग्रहण की प्रक्रियाओं के स्वचालन (यूनियन सरस) के सहयोग से डिजिटल सुविधाओं को वर्ष के दौरान प्रारम्भ किया गया।

- As against statutory target of 40% under Priority sector advances your bank achieved 43.24% of the Adjusted Net Bank Credit (ANBC) for the quarter ended March 2022.

## 5. Profits and Profitability:

- Your Bank has demonstrated a clear and sustainable path to growth over the course of FY2022, delivering a Return on Average Assets (ROAA) of 0.47% in FY2022, a marked improvement over an ROAA of 0.27% in FY2021, whereas Return on Equity stood at 10.11%.
- Your Bank reported an Operating Profit of ₹ 21,873 crore in FY 2021-22, up by 11.22% as compared to ₹ 19,667 crore in FY 2020-21. Net profit of the Bank stood at ₹ 5,232 crore in FY 2021-22 as against ₹ 2,906 crore in FY20-21, thereby, registering a growth of 80.05%.

## 6. Asset Quality:

- Your Bank has improved its quality of assets by reducing its Gross NPA Ratio by 263 bps on YoY basis to 11.11% and Net NPA Ratio by 94 bps on YoY basis to 3.68% as on 31.03.2022. Provision Coverage Ratio improved by 234 bps on YoY basis from 81.27% as of March 31, 2021 to 83.61% as of March 31, 2022.

## 7. Capital Adequacy:

- The Capital Adequacy Ratio (CRAR) as per BASEL III norms improved to 14.52% as on 31.03.2022, as compared to the minimum regulatory requirement of 11.50%.
- The Bank has raised equity capital of ₹ 1,447.17 crore on allotment of 42,79,03,111 equity shares under Qualified Institutions Placement (QIP). Further, the Bank has issued and allotted Basel III compliant Tier 1 Bonds of ₹ 5,000 crore and Tier II Bonds of ₹ 2,000 crore during the FY2021-22.

## 8. Productivity

- The productivity measured in terms of key ratios, registered a significant improvement during FY 2021-22.
- The Business per Employee of your Bank improved from ₹ 20.17 crore in FY2020-21 to ₹ 23.26 crore in FY 2021-22, while Net Profit per Employee improved from ₹ 3.72 lakh in FY2020-21 to ₹ 6.96 lakh in FY2021-22. The Business per Branch improved from ₹ 169.35 crore in FY 2020-21 to ₹ 1,98.91 crore in FY 2021-22.

## 9. Dividend:

- I am happy to announce that the Board of Directors of your Bank has recommended a dividend of ₹ 1.90 per equity share of face value ₹ 10 each for the year ended March 31st 2022.

## 10. Digital Initiatives:

- Your Bank is offering a "Digital Experience" to its customers by leveraging and implementing the latest innovations in technology.
- During FY2021-22, the Bank has decided to invest more than ₹ 1,500 crore on digitization initiatives for bringing next generation digitized consumer financial services.
- Your Bank has recently unveiled **'Union SAMBHAV – World of Opportunities',** a Future Digital ready transformation project.
- The main thrust of these digital initiatives is to empower Customers with Smarter Ways of doing Banking across all segments, predominantly Do it Yourself (DIY).
- A number of digital products such as a new-age Super App for all Banking Needs (Union Nxt), WhatsApp Banking Facility (UV Conn), MSME credit card, Digital offering for Trade finance customers for seamless and paperless Banking in collaboration with FINASTRA (Trade Nxt), Automation of Recovery & collection processes (Union SARAS) were introduced during the year.

## 11. Strengthening Human Capital:

- Your Bank has been at the forefront in introducing industry best practices to empower its workforce as well as to meet corporate objectives.

## 11. मानव पूंजी को मजबूत बनाना:

- आपका बैंक अपने कार्यबल को सशक्त बनाने के साथ-साथ कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रारम्भ करने में सबसे आगे रहा है।
- लोगों के विकास के साथ-साथ, वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान बैंक द्वारा निर्बाध कामकाज के लिए शुरू की गई प्रक्रियाओं के स्वचालन और डिजिटलीकरण को मज़बूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- बैंक ने एक महत्वाकांक्षी मानव संसाधन परिवर्तन परियोजना, "यूनियन प्रेरणा" प्रारम्भ की है, जिसमें आईएसओ मानकीकरण प्रक्रिया को गति देते हुए विभिन्न मानव संसाधन पद्धतियों और प्रक्रियाओं का सुधार और डिजिटलीकरण शामिल है। यूनियन प्रेरणा ने पिछले 12 माह के दौरान उद्योगों एवं डिजिटल के अंतर्गत सर्वप्रथम 10 से अधिक सेवाओं के साथ मजबूत मानव संसाधन की नींव स्थापित की है।

## 12. उन्नत पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई):

- आपका बैंक अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग अनुभव को उन्नत करने और डिजिटल परिवर्तन को अपनाने के लिए ईज़ एजेंडा द्वारा अनुशंसित सुधारों को अपनाने के लिए और अनुकूल करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही के लिए नवीनतम ईज़ 4.0 इंडेक्स में, 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच आपका बैंक चौथे स्थान पर रहा। आपका बैंक छह में से दो विषयों में उपविजेता रहा और थीम-टेक सक्षम बैंकिंग की सुविधा के तहत इसने तीसरा सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन दर्ज किया है।

## 13. पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी):

- पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों के प्रति आपके बैंक का दृष्टिकोण हमारे कारोबार में किए जाने वाले हमारे कार्यों में तेजी से एकीकृत होता जा रहा है और यह हमारे प्रबंधन और बोर्ड संरचनाओं के गवर्नेंस और पर्यवेक्षण के अधीन है।
- आपका बैंक, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा प्रवर्तित एक अग्रणी हरित रेटिंग संगठन, इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) का संस्थापक सदस्य बन गया है।
- 31 मार्च, 2022 तक, आपके बैंक ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को 7164 करोड़ रुपये की राशि की ऋण सुविधाएं प्रदान की हैं। बैंक ने 31.03.2022 तक यूनियन ग्रीन डिपॉज़िट के माध्यम से 265 करोड़ रुपये संग्रहित किए हैं और यूनियन ग्रीन माइल्स के तहत 34 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।
- अपने कॉर्पोरेट प्रशासन ढांचे के हिस्से के रूप में, अनैतिक व्यवहार को रोकने के लिए आपके बैंक की एक व्यापक व्हिसल ब्लोअर नीति है। बैंक के मामलों के प्रबंधन में पारदर्शिता और उच्च नैतिक मानकों को सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता (सीओसी) स्थापित की है।
- आपके बैंक ने एक सुप्रलेखित अनुपालन नीति के साथ एक मजबूत अनुपालन प्रणाली लागू की है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बैंक के पास सुप्रलेखित नीति है।

## 14. पुरस्कार और सम्मान:

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, आपके बैंक को डिजिटलीकरण, वित्तीय समावेशन, मानव संसाधन प्रबंधन, ग्राहक सेवा आदि के तहत की गई नई पहल के लिए विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।
- इनमें से कुछेक नाम आपके सम्मुख हैं। आपके बैंक को एचआर नेतृत्व, नवाचार और प्रशिक्षण के तहत अपनी विभिन्न पहलों के लिए एपेक्स इंडिया एचआर एंड बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स, ईटी बेस्ट प्लेस टू वर्क फॉर वीमेन, गोल्डन पीकॉक प्राप्त हुआ है।
- बैंक को सर्वाधिक डिजिटल भुगतान लेनदेन प्रतिशत के लिए सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, बैंक को इंफोसिस फिनेकल इनोवेशन अवार्ड और एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस मैनेजमेंट के लिए आईडीसी इंडस्ट्री इनोवेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।
- भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से आपके बैंक को 4 प्रतिष्ठित राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

## 15. परिदृश्य (आउटलुक):

- कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बढ़ी है जिसके आगे जारी रहने की उम्मीद है। वर्तमान वर्ष में विकास पूंजी के मामले में आपके बैंक की स्थिति निश्चिंत है। पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए आशाजनक क्षेत्रों में ऋण देने

- Alongside people development, the focus during FY2021-22 has been on the stabilization of automation and digitization of processes initiated by the Bank for seamless functioning.
- The Bank has embarked on an ambitious HR Transformation project, **"Union Prerna"**, which includes revamping & digitization of various HR systems & processes, giving impetus to the ISO standardization process. The Union Prerna has built a strong HR foundation over the last 12 months with 10+ industry first and digital-first offerings.

## 12. Enhanced Access & Service Excellence (EASE):

- Your Bank has continuously striven to adopt & adapt to the reforms recommended by EASE Agenda to upgrade the banking experience for its customers and embrace the digital transformation.
- In the latest EASE 4.0 index for Q3 FY2021-22, your Bank stood 4$^{th}$ amongst 12 PSBs. Your Bank was the runner-up in two out of six themes and has registered the third best performance under the Theme-Tech Enabled Ease of Banking.

## 13. Environment, Social & Governance (ESG):

- Your Bank's approach to environmental and social issues is becoming increasingly integrated in the work we do across our business and is subject to the governance and oversight of our management and Board structures.
- Your Bank has become the founding member of Indian Green Building Council (IGBC), a premier green rating organization promoted by Confederation of Indian Industry (CII).
- As on 31$^{st}$ March 2022, Your Bank has extended credit facilities amounting to ₹ 7,164 Crore to Renewable Energy Sector. The Bank has also mobilized ₹ 265 crore through Union Green Deposits and sanctioned ₹ 34 crore under Union Green Miles as on 31.03.2022.
- As part of its Corporate Governance framework, Your Bank has a comprehensive whistle blower policy to prevent unethical behavior. The Bank has established Code of Conduct (CoC) for Directors & Senior Management to ensure transparency and high ethical standards in managing the affairs of the bank.
- Your Bank has implemented a robust compliance system along with a well documented Compliance policy. The Bank is having well documented Policy on prevention of Sexual Harassment at workplace.

## 14. Awards and Accolades:

- During FY2021-22, your Bank has received various awards for its new initiatives taken under Digitization, Financial Inclusion, HR management, Customer Service etc.
- To name a few, Your Bank has received Appex India HR & Business Excellence Awards, ET Best Place to work for Women, Golden Peacock, for its varied initiatives under HR leadership, innovation and training.
- The Bank has been awarded for highest percentage of digital payment transactions. Besides this, the Bank has also been bestowed with Infosys finacle Innovation award and IDC Industry innovation awards for Application Programming Interface Management.
- Your Bank has also received 4 prestigious Rajbhasha Kirti Puraskars from the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India.

## 15. Outlook:

- Overall the pace of economic activity has picked up during FY22 and the momentum is expected to continue. Your bank is comfortably placed in terms of growth capital in the current year. Opportunities for lending in promising areas will be explored to diversify the portfolio. To sum up, despite the economic headwinds, your Bank has adapted well to the challenges posed by the operating environment. The Bank is optimistic that our

के अवसरों का पता लगाया जाएगा। संक्षेप में, विपरित आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, परिचालन वातावरण से उत्पन्न चुनौतियों के लिए आपके बैंक ने अच्छी तरह से सामंजस्य स्थापित किया है। बैंक आशावादी है कि हमारा समग्र दृष्टिकोण और हमारी पहल हमारे ग्राहकों, कर्मचारियों और शेयरधारकों को मूल्य प्रदान करने और हमारे विज़न को पूरा करने में मदद करेगा।

## 16. धन्यवाद ज्ञापन

विभिन्न शेयरधारकों के प्रति आभार प्रकट करने के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूँ। बैंक के निदेशक मंडल की ओर से, मैं सभी शेयरधारकों, हमारे सम्मानित ग्राहकों, भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण, केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा अन्य संस्थानों के प्रति उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। बैंक के सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और सेवा के लिए मैं उनके प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूँ।

हम आपके समर्थन और संरक्षण की आशा करते हैं।

बहुत-बहुत धन्यवाद

ए. मणिमेखलै

नोटः यह बैंक की 20वीं वार्षिक महासभा बैठक की कार्यवाही के रिकॉर्ड होने का दावा नहीं करता है।

holistic approach and initiatives would help us deliver value to the customers, employees and shareholders and fulfill our vision.

## 16. Acknowledgements:


Let me conclude with acknowledgement to various shareholders. On behalf of the Boards of Directors of the Bank, I convey my sincere gratitude to all the shareholders, our esteemed customers, Govt of India, Reserve Bank of India, Securities & Exchange Boards of India, Insurance Regulatory and Development Authority of India, Central Vigilance Commission and other institutions for the valuable guidance and support. My special gratitude is due to all the employees of the Bank for their commitment, dedication and service.

We continue to look forward for your support and patronage.

Thank you very much

A Manimekhalai

*Note: This does not purport to be a record of the proceedings of the 20th Annual General Meeting of the Bank.*



Azadi Ka Amrit Mahotsav
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
Union Bank of India
आन्ध्रा Andhra
कार्पोरेशन Corporation
nxt ONE
STOP DEPOSIT SOLUTIONS
Union Bank presents nxt. The next gen app that allows customers to avail of several banking services on a touch. One can open fixed deposits and get instant Loan Against Deposit at zero service charges and nil documentation. What's more, the entire process is completed within seconds.
Download the App from Google Play App Store
Open Fixed Deposits • Get Loan Against Deposit
Contact us: 1800 208 2244 / 1800 425 1515 / 1800 425 3555 | www.unionbankofindia.co.in
Do not share your internet banking details, such as User Id / password or your credit/debit card number /CVV/OTP with anyone – either over phone or through email.
@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

Azadi Ka Amrit Mahotsav

हेल्पलाईन नंबर / Helpline Nos.: 1800 208 2244 / 1800 425 1515 / 1800 425 3555

www.unionbankofindia.co.in

@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia

अवांछित ईमेल से सर्तक रहे जो तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं

Be wary and cautious of unsolicited emails that demand immediate action